हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 13 दिसंबर 2023

11 सिवानी से सिंघानी व लोहानी ओबरा बहल सड़क...

12 100 मीटर दौड़ में नचिकेता वंश और वामिका ...


## खबर संक्षेप

### ग्राम स्वराज्य किसान मोर्चा की मीटिंग 17 को

**भिवानी।** ग्रामीणों को ग्राम स्वराज्य एवं गोआधारित टिकाऊ परंपरागत खेती की जानकारी देने के उद्देश्य से ग्राम स्वराज्य किसान मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे जनजागरण अभियान को गति देने की रूपरेखा तैयार करने के लिए मोर्चा की मीटिंग 17 दिसंबर रविवार को तोशाम अनाज मंडी स्थित मोर्चा कार्यालय में होगी। मोर्चा के जिलाध्यक्ष जोगेंद्र तालु ने कहा कि ग्राम स्वराज्य के माध्यम से गांवों को सशक्त एवं किसानों को आत्मनिर्भर गांवों के साथ-साथ राष्ट्र की उन्नति को गति दी जा सकती है।

### नैनों यूरिया छिड़काव के लिए कोटेशन आमंत्रित

**भिवानी।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा जिलें के विभिन्न गांवों के खेतों में सात हजार एकड़ में नैनों यूरिया का छिडक़ाव करवाना है, इसके लिए इच्छुक किसान अपने ट्रैक्टर माउटिंड स्प्रे पंप को किराये पर देने के लिए कोटेशन 15 दिसंबर सांय पांच बजे तक सहायक कृषि कार्यालय में जमा करवाएं। ये जानकारी सहायक कृषि अभियन्ता नसीब सिंह धनखड़ ने दी। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न गांवों में ट्रैक्टर माउन्टिड स्प्रे पम्पध्पॉवर ऑपरेटिड नैपसैक स्प्रेयर द्वारा नैनो यूरिया का छिडक़ाव करवाया जाना है। जिन किसानों के पास ट्रैक्टर माउन्टीड स्प्रे पम्पध्पॉवर ऑप्रेटिड नैपसैक स्प्रेयर है और वे खेतों में नैनो यूरिया का छिडकाव करने के इच्छुक है, तो 15 दिसंबर सांय चार बजे तक कोटेशन कार्यालय में जमा करवाए।

# ग्रामीण डाक सेवकों से आठ घंटे काम के बदले में चार घंटे के दिए जा रहे दाम

## ग्रामीण डाक कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू, मांगें माने जाने तक जारी रहेगा संघर्ष

■ ग्रामीण डाक कर्मचारियों की हड़ताल से ग्रामीण क्षेत्र की डाक व्यवस्था बाधित : कुंगड़िया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी




लंबित मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्षरत्त ग्रामीण डाक कर्मचारियों ने आखिरकार संघर्ष का बिगुल फूंक दिया है और ऑल इंडिया ग्रामीण डाक सेवक संघ के बैनर तले मंगलवार से राष्ट्रव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इसी कड़ी में घंटाघर स्थित मुख्य डाकघर के समक्ष ग्रामीण डाक सेवकों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और लंबित मांगें माने जाने तक सघर्ष जारी रखने का ऐलान किया।

ऑल इंडिया ग्रामीण डाक सेवक संघ के प्रदेशाध्यक्ष एवं केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य बलजीत कुंगड़ियां के नेतृत्व में ग्रामीण डाक कर्मचारियों ने धरना दिया तथा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं ग्रामीण डाक कर्मियों की हड़ताल से ग्रामीण क्षेत्र की डाक व्यवस्थाएं भी प्रभावित रही। हड़ताल की वजह से गांवों में डाक वितरण, डाक बुकिंग, मनीआर्डर वितरण, डाकघर बचत सेवाएं, डाकघर जमा और निकासी सेवाए बंद रही, जिससे ग्रामीणों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि अधिकतर ग्रामीण डाक सेवक 5 से 9 घंटे अधिक काम करते हैं, वे बिना भेदभाव के विभागीय कर्मचारियों द्वारा प्राप्त अवकाश, एचआरए, टीए, डीए, पेंशन, चिकित्सा व शिक्षा आदि सुविधाओं के लिए पात्र हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ग्रामीण डाक सेवकों से आठ घंटे काम लेकर मात्र चार घंटे के पैसे दिए जा रहे हैं, जबकि सालभर में दी जाने वाली 20 छुट्टियां भी काम में लगवाई जा रही है और बदले में उन्हें एक रुपया तक नहीं दिया जा रहा और वेतन भी नाम मात्र है, जिससे उनके परिवार का पालन पोषण करना भी मुश्किल हो चुका है। उन्होंने चेतावनी दी कि सरकार ने मांगें नहीं मानी तो वे संघर्ष को उग्र रूप देने पर मजबूर होंगे।

### ये रही मांगें

कुंगड़ियां ने बताया कि ग्रामीण डाक सेवकों को आठ घंटे काम के बदले पूरे दाम, पेंशन सहित सभी लाभ प्रदान करने, 12, 24 व 36 वर्ष की सेवा पूरी करने पर तीन समयबद्ध वित्तीय उननयन देने, ग्रेच्यूटी पर अधिकत्तम राशि डेढ़ लाख रुपये की सीमा को हटाकर अधिकत्तम पांच लाख रुपये बहाल करने, चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने, अप्रयुक्त छुट्टियों को 180 दिनों तक आगे बढ़ाने की सुविधा के साथ प्रति वर्ष 30 दिनों की छुट्टी मंजूर करने तथा समूह बीमा को पांच लाख रुपये तक बढ़ाने की मांग की गई।

### ये रहे मौजूद


इस अवसर पर दिलबाग प्रधान, राजबीर चिड़िया, लीलाराम ढ़ांडा, जगदीश रोहणात, महेंद्र बवानीखेड़ा, सतीश चांगरोड, नरेश कलिंगा, सुरेश भानगढ़, महिपाल, गोलपुरा, सतबीर मोड़ी, अक्षय कुमार मकड़ाना, देवीलाल, भरतसिंह बहल, जगबीर जुई, अशोक काकड़ौली, हेमंत दूधवा, दयानंद खेड़ा सिवानी आदि मौजूद रहे।

## समान काम-समान वेतन को लेकर हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ की हड़ताल जारी

■ मांगों को लेकर हड़ताल के चलते कामकाज ठप, इधर उधर भड़कते रहे लोग

**भिवानी।** हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ से जुड़े कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर सरकार के उदासीन रवैये के खिलाफ मंगलवार को भी हड़ताल कर कामकाज पूरी तरह से बंद रखा। कर्मियों की हड़ताल दूसरे दिन की हड़ताल के चलते लघु सचिवालय स्थित ई-दिशा केंद्र व तहसील कार्यालयों में कामकाज ठप रहा और काम करवाने के लिए आने वाले लोग निराश इधर-उधर घूमते नजर आए। सोमवार 11 दिसंबर को पंचकूला में संघ के राज्य कार्यकारिणी की उच्चाधिकारियों से दो दौर की वार्ता विफल होने के बाद 12 दिसंबर मंगलवार को संघ के जिलाध्यक्ष अनिल व कार्यकारी अध्यक्ष पवन कौशिक के नेतृत्व में कर्मचारी चंडीगढ़ स्थित सीएम आवास पर पहुंचे और विरोध जताया तथा ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने डिट्स का केंद्रीयकरण कर बजट का प्रावधान करने, कर्मचारियों के पद सर्जित करने, हरियाणा कौशल रोजगार निगम में भेजे कर्मचारियों को वापस डिट्स में शामिल करने, 58 साल तक सेवा सुरक्षा प्रदान करने, समान काम-समान वेतन देने, रेगुलेशन एक्ट में डीट्स को शामिल कर रेगुलर करने की मांग को लेकर लंबे समय से संघर्षरत्त है, लेकिन सरकार उनकी मांगों को नजरअंदाज कर कर्मियों के साथ अन्याय कर रही हैं, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और हम हक के लिए संघर्ष करते रहेंगे।


**भिवानी।** हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ की हड़ताल के चलते खाली पड़ा लघु सचिवालय का ई दिशा केंद्र।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर संघ के महासचिव गुरदीप सिंह, मुकेश सिहाग, अरुण सोनी, मनोज, ललित, धर्मपाल, मंदीप, अमन, मंगलेश, सुनीता, ज्योति, रितू, ममता व मनीषा सहित अनेक प्रोफेशनल संघ से जुड़े कर्मचारी मौजूद रहे।

## फतेहगढ़ का लाडला मनीष बना लेफ्टिनेंट


**भिवानी।** अपने परिजनों के साथ लेफ्टिनेंट मनीष वशिष्ठ। फोट :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

फतेहगढ़ निवासी मनीष वशिष्ठ ने सेना चिकित्सा कोर में लेफ्टिनेंट का पद प्राप्त करके माता पिता एवं गांव फतेहगढ़ का नाम गौरवान्वित कर दिया है। बता दें कि 12 दिसम्बर को सेना चिकित्सा कोर लखनऊ के एलजे ऑडिटोरियम में संपन्न हुई, जिसमें कॉमिसन सेरोमोनी में अन्य 46 अधिकारियों के साथ मनीष वशिष्ठ सेना चिकित्सा कोर में बतौर लेफ्टिनेंट शामिल होने वाले अपने गांव के पहले जवान हैं। मनीष कुमार ने सेना में बतौर सिपाही के तौर पर कैरियर की शुरुआत की थी, अपने मेहनत और माता पिता, दादा से प्रेरणा लेकर उन्होंने सेना चिकित्सा कोर में नोन टैक्नीकल ऑफिसर, लेफ्टिनेंट बनकर अपने गांव का नाम रोशन किया है। उन्होंने भारतीय सेना के सर्विस एंट्री में परीक्षा दी और 19 से 23 सितंबर तक 14 एसएसबी प्रयागराज में एसएसबी का साक्षात्कार उत्तीर्ण किया। राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश सचिव मुकेश शर्मा ने बताया कि सेना में शामिल जवानों के लिए सेना हर वर्ष अलग अलग एंट्री जैसे एसीसी, एससीओ, एसल, एएमसी नोन टेक्निकल आदि पर अधिकारी रैंक के लिए आवेदन मांगती है। जिसमे सक्षम उम्मीदवार, जवान अप्लाई करते हैं। लखनऊ में संपन्न हुई कमीशन सेरोमोनी में 47 जवान एएमसी (आर्मी मेडिकल कोर) बतौर ऑफिसर शामिल हुए हैं। मनीष की उपलब्धि पर ग्रामीणों ने बधाई दी।

### राज्य दिव्यांगजन आयुक्त राज कुमार मक्कड़ 15 व 16 दिसंबर को भिवानी में

**भिवानी।** दिव्यांगजन राज्य आयुक्त राज कुमार मक्कड़ 15 व 16 दिसंबर को भिवानी आएंगे। मक्कड़ 15 को सांय सात बजे लोक निर्माण विश्राम गृह में पहुंचेंगे और यहां संस्थाओं की बैठक लेंगे। वे 16 दिसंबर को सुबह 10 बजे खुला दरबार लगाकर दिव्यांगजनो की समस्याएं सुनेंगे।

## उधमिता कार्यक्रम में बच्चों को स्वरोजगार के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज : चरखी दादरी

गांव मौड़ी स्थित सीबीएस मैमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्वावलंबी भारत अभियान के तहत उधमिता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता पूर्व वैज्ञानिक कृषि विश्व विद्यालय प्रोफेसर वेदप्रकाश लुहाच व सतीश कुमार ने शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वरोजगार के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को दूसरों को रोजगार देने वाले के रूप में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित एवं स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्वदेशी रोजगार व उद्योग को बढ़ावा देने को सबको सहयोगी बनने का आह्वान किया।



आयोजन की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक डॉ. सुरेश कुमार सोलंकी ने की। उन्होंने स्वदेशी अभियान में बच्चों को गंभीरता से प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारी सोच ऐसी होनी चाहिए कि न सिर्फ खुद आत्मनिर्भर बने, बल्कि दूसरों को भी रोजगार देने हम काबिल बन सकें। विद्यालय प्रबंधक व स्टाफ ने उधमिता पर समय समय पर विचार संगोष्ठी करवाने का संकल्प दोहराया।

## बीटीएम कॉलोनी पार्क की 25 लाख की लागत से सुधारी जाएगी सेहत

■ चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी ने नारियल फ ोड़कर नवीनीकरण के कार्य का करवाया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज, भिवानी

मंगलवार को नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बीटीएम कॉलोनी स्थित पार्क के सुधारीकरण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ करवाया। उक्त पार्क की मरम्मत पर करीब 25 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। ताकि पार्क की चार दिवारी व अन्य मरम्मत के कार्यों के साथ नया लुक दिया जा सके। उक्त बजट से पार्क की चारी दीवारी, चारों तरफ की पगडंडी, झूल्ले, व्यायाम करने की मशीनें आदि स्थापित करवाई जाएगी। ताकि सुबह शाम के वक्त बच्चों के अलावा बड़े व बुजुर्ग घुम सकेंगे। अब पार्क दुर्दिनों के दौर में था। आज नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने पार्क के सुधारीकरण कार्य शुरू करवाकर पार्क की सेहत सुधारने की दिशा में अहम कदम उठाया है। उल्लेखनीय है कि शहर के अधिकांश पाकारे् का सुधारीकरण का कार्य जारी है। कुछ पाकारे् का तो सुधारीकरण कार्य पूरा हो चुका हैएकुछ में कार्य जारी है। इस मौके पर पार्षद मनीष गुरेजा, दीपक सिंह, नवीन, महाबीर सिंह, नीतिन सहित शहर के अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।


**भिवानी।** नारियल फोड़कर पार्क के नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ करवाते नगर पालिका चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह। फोटो : हरिभूमि

### सवा करोड़ रुपये खर्च

नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि शहर में जितने भी जर्जर पार्क है। उन सभी का सुधारीकरण किया जाएगा। उक्त राशि से जिन पार्कों् की दीवारें टूटी हुई है, उनकी दिवारों को दुरुस्त करवाया जाएगा। इनके अलावा ग्रील व अन्य कार्य करवाए जाएंगे। शहर के हर पार्क का सुधारीकरण करवाया जाएगा। ताकि लोग आराम से सुबह शाम को घुम सके तथा पार्कों में हरियाली को बढ़ाया जा सके। पार्कों व शहर के विकास के लिए सरकार के खजाने लबालब है। सरकार शहर के सौंदर्यकरण के लिए दिल खोलकर बजट जारी कर रही है। ताकि शहर की स्वच्छता को चार चांद लगाए जा सके। शहर का कोई भी पार्क जर्जर हाल में नहीं रहेगा।बजट जारी करवाकर पार्कों की सहेत सुधारी जाएगी।

## भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम की चार वैनों का 23 तक का शैड्यूल जारी

### जिला नोडल अधिकारी बोलीं, ज्यादातर कार्यक्रम गांव के राजकीय विद्यालय में आयोजित होंगे

हरिभूमि न्यूज भिवानी

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत चार वैनों द्वारा जिला के सभी गांवों में शेड्यूल के हिसाब से कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों को योजनाओं व सेवाओं की जानकारी दी जा रही हैं। 13 से 23 दिसंबर तक चार वैनों का शेड्यूल जारी किया गया है। ज्यादातर कार्यक्रम गांव के राजकीय विद्यालय में आयोजित होंगे।

**13 दिसंबर के कार्यक्रम :** भारत संकल्प यात्रा अभियान की जिला नोडल अधिकारी एवं एडीसी अनुपमा अंजलि ने बताया कि खंड भिवानी में एक वैन द्वारा 13 दिसंबर को सुबह 10 बजे तिगड़ाना में तथा दो बजे घुसकानी में आयोजित होंगे।

**14,15 और 16 दिसंबर के कार्यक्रम :** 14 को सुबह 10 बजे गांव धनाना में तथा दो बजे गांव बडेसरा में और 15 को सुबह दस बजे गांव तालू में तथा दोपहर दो बजे गांव मुंढाल में, 16 को सुबह दस बजे गांव जताई में तथा दोपहर दो बजे गांव मंढाणा के राजकीय विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**18, 19 और 20 दिसंबर के कार्यक्रम :** वैन एक द्वारा 18 दिसंबर को खंड बवानीखेड़ा के गांव ढ़ाणी खुशहाल में सुबह दस बजे तथा दोपहर दो बजे गांव चोरपटापुर में, 19 को सुबह दस बजे गांव सिवाड़ा में तथा दोपहर दो बजे गांव सुखपुरा में, 20 को सुबह दस बजे गांव बड़सी गुजरान में तथा दोपहर दो बजे गांव बड़सी जाटान में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**21, 22 और 23 दिसंबर के कार्यक्रम**
21 को सुबह दस बजे गांव अलखपुरा में तथा दोपहर दो बजे गांव सिवाना मेंए 22 को सुबह दस बजे गांव कुंगड़ में तथा दोपहर दो बजे गांव कुंगड़ छोटापाना में और 23 दिसंबर को सुबह दस बजे गांव भैणी जाटान में तथा दोपहर दो बजे गांव भैणी ठाकरान के राजकीय विद्यालय में कार्यक्त्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने ने बताया कि द्वितीय वैन द्वारा 13 दिसंबर को कैरू खंड के गांव कैरू प्रथम में सुबह दस बजे तथा दोपहर दो बजे गांव कैरू.द्वितीय के राजकीय सीसै स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार से 14 को खंड तोशाम के गांव खरकड़ी सोहान में 10 बजे तथा गावं दुल्हेड़ी में दो बजे,15 को सुबह दस बजे गांव खानक में तथा दोपहर दो बजे गांव पिंजोखरा में, 16 को सुबह दस बजे गांव गारनपुरा खुर्द में तथा दोपहर दो बजे गांव गारनपुरा कलां में, 18 को सुबह दस बजे गांव दरियापुरा में तथा दोपहर दो बजे गांव ढ़ाणी दरियापुर में, 19 को सुबह दस बजे गांव सरल में तथा दोपहर दो बजे गांव ढाणी सरल में, 20 को सुबह दस बजे बागनवाला में तथा दोपहर दो बजे गांव डाडम में, 21 को सुबह दस बजे झांवरी में तथा दोपहर दो बजे लक्ष्मणपुरा में, 22 को सुबह दस बजे छपार रांगड़ान में तथा दोपहर दो बजे छपार जोगियान में और 23 को सुबह दस बजे मिरान में तथा दो बजे ढाणी मिरान में कार्यक्रम होगा।

## आधार कार्ड अपडेट करने की अंतिम तिथि कल

हरिभूमि न्यूजः चरखी दादरी

■ आठ से 10 साल पहले बने आधार कार्ड को अंतिम तिथि तक अपडेट करवाना जरूरी

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार वीरवार 14 दिसंबर को आधार कार्ड अपडेट करने की अंतिम तिथि है। नियमों के अनुसार आठ से 10 साल पहले बने आधार कार्ड को अंतिम तिथि तक अपडेट करवाना जरूरी है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि यूआईडीएआई के पोर्टल पर आधार कार्ड को स्वयं निशुल्क अपडेट किया जा सकता है। आधार कार्ड को ऑनलाइन अपडेट कराने के लिए आधार कार्ड धारक को किसी प्रकार के शुल्क की अदायगी नहीं करनी होगी, जबकि सीएससी सेंटर से अपडेट कराने पर निर्धारित शुल्क देना होगा। उन्होंने कहा कि जिले में जिन व्यक्तियों ने पिछले आठ या 10 सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है, ऐसे व्यक्ति को अपना आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए रिहायशी प्रमाण पत्र और स्वयं का पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड धारक माई आधार पोर्टल से आधार ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं, वहीं माई आधार एप में जहां पहचान पत्र के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची भी है।

### विधायक सर्राफ ने गांव नौरंगाबाद में कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को किया संबोधित

## विकसित भारत संकल्प यात्रा जरूरतमंद लोगों के लिए वरदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

मंगलवार को बामला,नौरंगाबाद, रतेरा, जीताखेड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रमों में ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प शपथ दिलाई गई। नौरंगाबाद कार्यक्रम में भिवानी से विधायक घनश्याम सर्राफ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि गांवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम एक तरह से जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ देने की गांरटी है। यह कार्यक्रम ग्रामीणों के लिए वरदान की तरह है। इस दौरान प्रधानमंत्री व मुख्यममंत्री का संदेश भी सुनाया जा रहा है,जिसे ग्रामीण बड़ी गौर से सुन रहे हैं। विधायक सर्राफ के साथ भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. विक्त्रम सिंह भी मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर रतेरा में लाभार्थियों ने आयुष्मान योजना के अपने जीवन के लिए वरदान बताया। विधायक सर्राफ ने कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों व स्कूली बच्चों को विकसित भारत संकल्प शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों के आयोजन का मुख्य मकसद जरूरतमंद और पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना है और वह स्टॉलों के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा मौके पर दिया जा रहा है। उन्होंने स्टालों के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मौके पर लोगों की समस्याओं का समाधान करें। 75 वर्षीय मोपती ने बताया कि उनकी कुछ दिन से तबीयत ठीक नहीं थीए उन्होंने यहां पर अपना बीपी और शुगर चेक करवाया है,जो कि फ्री हुआ है, उनका एक भी रुपया नहीं लगा है। सतेंद्र ने बताया कि उन्होंने आयुष्मान योजना के तहत हिसार रविंद्रा अस्पताल में अपने कंधे का ऑपरेशन करवाया है, जिसके कोई पैसे नही लगे। कार्यक्रमों में पशुपालन विभाग द्वारा पशुपालकों को पशुओं में आने वाली बीमारियों से बचाव व उपचार तथा पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में उज्जवला योजना का लाभ लेने के लिए अनेक महिलाएं पहुंची, जिनके जरूरी दस्तावेज यहां पर पहुंची गैस एजेंसी के प्रतिनिधियों द्वारा लिए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जहां एक तरफ महिलाओं को सही पोषण, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, बच्चों के स्वास्थ्य बारे, बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ अभियान की जानकारी देने के साथ.साथ छोटे बच्चों का वजन मापा और सही पोषण की जानकारी दी।




## ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार के लिए आवेदन 17 तक लिए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने और बिजली खपत को कम करने को लेकर प्रदेश सरकार की ओर से वर्ष 2022-23 के लिए दो लाख रूपये तक के राज्य स्तरीय पुरस्कार दिए जाएंगे। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा व हरेडा द्वारा वर्ष 2022-23 के लिए विभिन्न श्रेणियों के पात्र उपभोक्ताओ से राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 दिसम्बर है।

एडीसी अनुपमा अंजली ने ये बताया कि औद्योगिक, वाणिज्यिक राजकीय, संस्थागत, समूह आवासीय भवनों द्वारा ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने तथा तकनीक व ऊर्जा दक्षता का उचित प्रयोग करने वाली संस्थाओं को ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार दिया जाता है। इनमें इनोवेंशन या नई प्राद्योगिकियों या अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं में नई प्रचार परियोजनाओं को शामिल किया गया है। ऊर्जा संरक्षण में अनुसंधान और नवाचार,ऊर्जा दक्षता, अपशिष्ट से ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र, में श्रेष्ठ कार्य करने वाली संस्थाएं भी आवेदन कर सकती हैं।

## खबर संक्षेप

### लोन की राशि हड़पने वाले दो पकड़े

**पानीपत।** थाना शहर पुलिस ने विद्यानंद कॉलोनी निवासी महिलाओं को स्कीम के तहत लोन दिलाने के नाम पर दस्तावेज लेकर धोखाधड़ी से लोन की तीन लाख की राशि हड़पने के मामले में गिरोह के दो आरोपियों नरेंद्र निवासी सौंदापुर चौक जाटल रोड पानीपत व महताब निवासी कैराना शामली को काबू किया। पुलिस ने आरोपी नरेंद्र के कब्जे से 45 हजार व एटीएम कार्ड बरामद किए है।

### गैस भरते हुए वैन में आग लगी

**समालखा।** पानीपत के गांव पट्टीकल्याण जीटी रोड स्थित सीएनजी पंप पर मंगलवार को अचानक से गाड़ी में सीएनजी भरते हुए ब्लास्ट हो गया तथा कार में आग लग गई। ब्लास्ट इतना भयानक था कि साथ खड़ी एक वैन को भी अपने चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।

### यूनिसेफ स्थापना दिवस मनाया

**पानीपत।** बाल विकास एवं बाल अधिकार संरक्षण को समर्पित संस्था यूनिसेफ स्थापना दिवस आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में मनाया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय के कोषाध्यक्ष महताब मलिक रहे व आर्य समाज काबडी के उप प्रधान ओम दत्त आर्य विशिष्ठ अतिथि रहे। अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान आर्य ने की।

### हादसे में हुई मौत के मामले में चालक काबू

**बराड़ा।** सडक़ दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी दलीप कुमार को काबू कर लिया है। परिवादी शिव कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 28 नवंबर 2023 को सांई बाबा मंदिर के पास आरोपी वाहन चालक ने लापरवाही व तेज गति से वाहन चलाते हुए उसके चचेरे भाई अजय को टक्कर मारी जिससे उसकी मौत हो गई।

### 71 कन्याओं को वितरित की जैकेट

**लाडवा।** लाडवा के राजकीय वरिष्ठ कन्या माध्यमिक विद्यालय की 71 कन्याओं को समाजसेवी राजेश गर्ग की पत्नी शिखा गर्ग की ओर से सर्दी को देखते हुए जैकेट वितरित की गई। विद्यालय के प्राचार्य रामपाल सरोहा ने कहा कि इस समय सर्दी का सीजन शुरू हो गया है और सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली कुछ जरूरतमंद कन्याएं जो छठी कक्षा से 11वीं कक्षा तक में पढ़ती है।





# शिल्पकारों की कला के मुरीद हुए देश-विदेश के पर्यटक

## अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 में पहुंचने लगे है शिल्पकारों की कला के कद्रदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में ब्रह्मसरोवर के चारों ओर शिल्पकारों व दस्तकारों का बाजार सज चुका है। देश के विभिन्न हिस्सों से दस्तकार अपनी-अपनी कला के नमूने शिल्प और सरस मेले में ब्रहमसरोवर के पावन तट पर प्रदर्शित कर रहे है और हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ साथ पड़ोसी राज्यों के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे है। विभिन्न राज्यों के दस्तकारों व शिल्पकारों के इस एकीकरण से कला के कदरदान भी अपनी पसंद की कलात्मक वस्तुओं का चयन करने में पूरा समय लगा रहे हैं और महोत्सव का भरपूर फायदा लेते हुए जमकर खरीदारी कर रहे हैं। विभिन्न राज्यों से आये दस्तकारों व शिल्पकारों के चेहरे भी भीड़ देखकर खुश थे, क्योंकि दस्तकारों के लिए अपनी कला को प्रदर्शित करने का महोत्सव एक बड़ा अवसर उपलब्ध करवाता है। गीता महोत्सव के सरस और शिल्प मेले में विभिन्न राज्यों से आए दस्तकार व शिल्पकार जो अपने-अपने राज्यों की कला विशेष को प्रस्तुत किए हुए है, उनमें देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के बनारस से आए दस्तकार कडुआ बूटी प्रिंटिंग वाली मशहूर बनारसी साड़िया, इसी राज्य के मनका युक्त आर्टिफिशियल आभूषण व चाइना मिट्टी से बने सेरामिक कोटरी व हैंड पेंटेड क्राकरी, पश्चिम बंगाल की विशेष टेराकोटा मिट्टी व लकड़ी से बनी दस्तकारी के सजावटी सामान, राजस्थान की वेलवेट परहैंड मेड वाटर कलर पेंटिंग, गुजराती दस्तकारों द्वारा सूती कपड़े पर हाथ की छपाई वाले आकर्षक डिजाइन से तैयार बेड शीट, सोफा कवर, पर्दे, तकिया कवर इत्यादि शामिल है, को पर्यटक खुब पसंद कर रहे हैं। महोत्सव में इसी तरह पश्चिम बंगाल के सूखे सजावटी व आकर्षक फूल, आसाम के दस्तकारों द्वारा बम्बू से बनाई सजावटी व घरो में प्रयोग होने वाली वस्तुएं, उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ की ब्रास मेटल की आकर्षक मूर्तियां व अन्य कलाकृतिया, पंजाब की मशहूर फुलकारी के डिजाइन वाले वस्त्र, हरियाणा की हैंड एम्ब्रॉयडरी, राजस्थान के दस्तकारों द्वारा बनाई पत्थर की आकर्षक मूर्तियां, कश्मीर के दस्तकारों को विशेष पहचान दिलाने वाली पश्मीना शाल व कश्मीरी वस्त्र तथा देवभूमि हिमाचल के दस्तकारों द्वारा बनाई गई विशेष हिमाचली टोपी व अन्य डिजाइनर हाथ की कढ़ाई वाले गर्म कपड़े पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।



### अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव से मिल रही अनोखी पहचान

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के कारण ही धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र को शिल्प और लोक कला केंद्र के रुप में एक अनोखी पहचान मिल रही है। इस गीता स्थली कुरुक्षेत्र की गोद में देश की लगभग सभी राज्यों की लोक कला और संस्कृति समा गई है। इस लोक कला और संस्कृति को देखने के लिए हर वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक कुरुक्षेत्र पहुंच रहे हैं। इस वर्ष भी गीता महोत्सव के मंच पर देश के विभिन्न राज्यों से 800 से ज्यादा शिल्पकार पहुंचे हैं और देश के 13 से ज्यादा राज्यों के लोक कलाकार अपने-अपने प्रदेश की संस्कृति की छटा बिखेर रहे थे। इस धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र को शिल्प और लोक कला केंद्र के रुप में पहचान दिलाने का सारा श्रेय मुख्यमंत्री मनोहर लाल को जाता है। धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र के ब्रहमसरोवर और आसपास के क्षेत्र को देखकर ऐसा लग रहा है मानों भारतवर्ष की संस्कृति व शिल्पकला एक लघु भारत के रुप में ब्रहमसरोवर पर उमड़ आई हो। गीता महोत्सव में अनेक राज्यों से आए कलाकार अपनी हस्तकला के माध्यम से अपनी कला का हुनर दिखा रहे हैं।



### साइकिल चक्की से मिनटों में पिस जाएगा गेहूं, साथ में बनी रहेगी सेहत

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में सुरेश कुमार साइकिल वाली चक्की लेकर आए है। इस मशीन से आटा पीसने के कारण, एक तो शारीरिक व्यायाम भी हो जाता है। इस चक्की को साइकिल की तर्ज पर तैयार किया गया है। चक्की पर भी पैडल लगाए गए हैं। करीब एक घंटा साइकिल वाली चक्की को चलाकार चार से साढ़े चार किलो अनाज आसानी से पीसा जा सकता है। इतना ही नहीं चक्की में अनाज को मोटा पीसना है या बारीक, इसके लिए भी विकल्प दिया हुआ है। अनाज पीसने के साथ-साथ शरीर की कैलोरी भी बर्न होगी। सुरेश कुमार ने बताया कि उसने सबसे पहले साइकिल वाली चक्की 2020 में बनाई थी। उसने एक साइकिल खरीदी और उसे आधे हिस्से में काटकर आगे वाले हिस्से में एक चक्की फिट कर दी, लेकिन अनाज पीसने के लिए आगे पत्थर लगे होने के कारण वह काफी भारी चलती थी, जिससे चलाने वाला बहुत जल्दी थक जाता। ऐसे में उसने साइकिल में एक गियर बॉक्स डाल दिया, जिससे कि अनाज की पिसाई के समय पैडल आसानी से घूमने लगे। साइकिल वाली इस चक्की को हाथ से भी चलाया जा सकता है। सुरेश ने बताया कि साइकिल वाली चक्की में पिसाई के लिए जिन पत्थरों का इस्तेमाल किया गया है। वह पहाड़ों की मजबूत चट्टान का है। यह पत्थर इतनी आसानी से नहीं टूटता। साइकिल वाली चक्की सालों साल चलने वाली है।





कुरुक्षेत्र। प्रस्तुति देते गतका पार्टी के सिख। फोटो : हरिभूमि

### प्रदर्शनी में नजर आएगी हरियाणा के विकास की तस्वीर

मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव तथा सूचना जनसम्पर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक डा. अमित अग्रवाल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की राज्यस्तरीय प्रदर्शनी में हरियाणा के विकास की तस्वीर नजर आएगी। इस राज्यस्तरीय प्रदर्शनी में प्रदेश सरकार के पिछले 9 साल के बड़े प्रोजेक्ट और योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा कुरुक्षेत्र 48 कोस के तीर्थों, महाभारत के 18 अध्यायों, गीता के उपदेशों को दर्शाया जाएगा और सेल्फी प्वाइंट भी रखे जाएंगे। महानिदेशक डा. अमित अग्रवाल मंगलवार को राज्यस्तरीय प्रदर्शनी की तैयारियों को लेकर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य स्तरीय प्रदर्शनी की सभी तैयारियां और विभागों के द्वारा सभी स्टॉल 16 दिसंबर को सायं 5 बजे तक तैयार किए जाने है। इसलिए निर्धारित समयावधि में सभी तैयारियां पूरी करना सुनिश्चित करेंगे। इस राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का उदघाटन 17 दिसंबर को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करेंगे।

- **प्रदेश सरकार के पिछले 9 साल के बड़े प्रोजेक्ट और योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा**

### सजने लगा असम प्रदेश की संस्कृति का मंच

ब्रहमसरोवर के पावन तट पुरुषोतमपुरा बाग में असम प्रदेश की संस्कृति का मंच सजने लगा है। यह मंच अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 के अवसर पर लगने जा रहा है। इस बार असम प्रदेश की सरकार ने महोत्सव में पाटनर राज्य की भूमिका अदा की है। इसलिए असम सरकार की तरफ से ब्रहमसरोवर के फ्लैग ग्राउंड में असम पवेलियन की स्थापना की जा रही है। इस पवेलियन का शुभारंभ 17 दिसंबर को किया जाएगा और 24 दिसंबर तक लोग इस पवेलियन का अवलोकन कर सकेंगे। अतिरिक्त उपायुक्त एवं केडीबी सीईओ अखिल पिलानी ने बातचीत करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में हर वर्ष किसी ना किसी राज्य को पार्टनर राज्य के रुप में आमंत्रित किया जाता है।





कुरुक्षेत्र। महोत्सव के दौरान मटके पर खड़े होकर प्रस्तुति देते कलाकार। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को भी उंगलियां चबाने पर मजबूर कर दिया। फोटोः हरिभूमि

# स्मैक सहित युवक को पुलिस ने किया काबू

**यमुनानगर।** थाना छप्पर पुलिस ने गांव कलावड़ टी प्वाइंट से कार में नशीले पदार्थ की सप्लाई करने जा रहे युवक को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान आरोपी से 34.55 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना छप्पर पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव कलावड़ निवासी अवनीश उर्फ किन्नू नशीला पदार्थ बेचने का धंधा करता है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने गांव कलावड़ के पास नाका लगाकर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद उन्हें एक कार आती दिखाई दी। जब पुलिस टीम ने कार को रोककर उसकी तलाशी ली तो कार से 34.55 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

- **आरोपी से बरामद हुई 34 .55 ग्राम स्मैक**

### शुगर मिल के पीछे संदिग्ध हालत में मृत मिले दो युवक

**शाहबाद।** हल्की शाहाबाद के शुगर मिल के पीछे दो युवकों को संदिग्ध हालत में मृत पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक सुबह 8 बजे सामुदायिक अस्पताल में 108 नंबर से फोन आया कि शुगर मिल के पीछे जनदेहडी रोड पर दो युवक मृत अवस्था में पड़े है। मृतकों की पहचान सतनाम सिंह मोहल्ला माजरी उम्र लगभग 40 वर्ष और दूसरा युवक गांव जंधेड़ी का बताया जा रहा है । ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि युवकों ने रात को कोई नशा किया है और पूरी रात ठंड के कारण उनकी मौत हो गई है। दोनों युवको के शवों को नागरिक अस्पताल के शव ग्रह में रखा गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए एलएनजेपी कुरुक्षेत्र भेजा जाएगा। उसके उपरांत परिजनों को शव सुपुर्द कर दिए जाएंगे।

# युवक दो बच्चों की मां को लेकर फरार

## महिला घर से जेवर, 53 हजार व बैंक की पासबुक साथ लेकर गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव मलिकपुर निवासी जोनी दो बच्चों की मां को शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया। महिला घर से जेवर, 53 हजार रुपये व बैंक की पासबुक भी साथ लेकर गई। पुलिस ने महिला के पति की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार साढौरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास दो बच्चे हैं। उसकी 32 वर्षीय पत्नी तीन दिसंबर को किसी काम से घर से बाहर गई थी। मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला।

- **महिला के पति ने आरोपी युवक पर लगाया पत्नी को शादी का झांसा देकर अगवा करने का आरोप**

### पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया

जांच के दौरान उसे पता चला कि उसकी पत्नी को गांव मलिकपुर निवासी जोनी शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# कार की टक्कर लगने से साइकिल चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के शादीपुर-करेहड़ा रोड पर कार की टक्कर लगने से साइकिल चालक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिहार के जिला छपरा निवासी नीलमनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ शादीपुर सरकारी स्कूल के पास किराये के मकान में रहता है। उसका पिता चंदेश्वर प्रसाद प्लाईवुड फैक्टरी में मेहमन मजदूरी करते थे। नौ दिसंबर को शाम साढ़े छह बजे उसका पिता फैक्टरी से काम खत्म करके साइकिल पर घर लौट रहा था। जब वह शादीपुर करेहड़ा रोड पर पहुंचा तो तेज गति से आ रही कार ने उसके पिता की साइकिल को टक्कर मार दी। जिससे उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने उसके पिता को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रैफॅर दिया। जहां पर इलाज के दौरान उसके पिता की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।


## सुबह नौ बजे तक घने कोहरे में सड़कों पर रेंगते रहे वाहन

# कंपकपाती ठंड ने जनजीवन किया अस्त व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में पिछले कई दिन से घना कोहरा छाए रहने से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। मंगलवार को तीसरे दिन भी सुबह के वक्त घना कोहरा छाया रहा और शीतलहर चलने से मौसम में ठंड बढ़ गई। मौसम में ठंड़ बढ़ने से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। आलम यह है कि पिछले कई दिन से सुबह के वक्त लोगों को अपने गंतव्य पर पहुंचने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, ठंड की ठिठुरन में नन्हें मुन्ने बच्चों को ठिठूरते हुए अपने स्कूलों में पहुंचना पड़ रहा है। मंगलवार अलसुबह तीन बजे से ही जिले में घना कोहरा छा गया था और शीतलहर चल रही थी। सुबह नौ बजे तक जिले में घना कोहरा छाया रहने से लोग परेशान रहे। सुबह दस बजे के करीब अच्छी धूप निकलने पर लोगों ने घरों से बाहर निकलकर किसी तरह अपने कामकाज निपटाए। सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने से जहां ट्रेने अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंची। वहीं, बसों की रफ्तार भी धीमी रही और वह अपने गंतव्य पर देरी से पहुंची।

- **मौसम में ठंड़ बढ़ने से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए**



यमुनानगर। मंगलवार सुबह के वक्त घने कोहरे के बीच सड़कों पर रेंगते वाहन।

### बाजारों में ग्राहकों की कम रही आवक

पिछले कई दिन से पड़ रही ठंड की वजह से बाजारों में ग्राहकों की कमी दर्ज की गई है। मंगलवार को बाजारों में ग्राहक कम संख्या में पहुंचे। जिससे दुकानदारी ठंडी रही। दुकानदार विक्रांत, सुनील, अमित सैनी व विशाल आदि ने बताया कि पिछले कई दिन से मौसम काफी खराब चल रहा है। जिसकी वजह से बाजारों मे ग्राहकों की कमी होने लगी है। दोपहर के वक्त ही ग्राहक अपने घरों से बाहर निकल रहे हैं। मंगलवार को घना कोहरा छाए रहने से जिले का अधिकतम तापमान घटकर 22 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम मात्र 6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

# चोरी करने के तीन आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सीआईए-1 की टीम ने चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से नकदी सहित सामान व ई-रिक्शा बरामद की गई है। टीम इंचार्ज एसआई अनिल कुमार के नेतृत्व में विश्वसनीय सूचना पर आरोपी बबलू निवासी हकीकत नगर करनाल, प्रवीण कुमार उर्फ पन्नू निवासी मुखाल हाल किरायेदार शिव कॉलोनी करनाल और प्रद्युम निवासी शिव कॉलोनी करनाल को नई सभी मंडी रोड करनाल से गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा छह लोहे की पाइप, दो हजार नकद राशि व वारदात में इस्तेमाल ई रिक्शा बरामद की गई। जांच में पाया गया कि आरोपियों ने शिकायतकर्ता रामकुमार निवासी खेड़ा कॉलोनी करनाल की फैक्टरी जोकि कंबोपुरा में स्तिथ है से बतीश लोहे की पाइप व अन्य सामान चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। जिस संबंध में थाना मधुबन में चोरी की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की आगामी तफ्तीश में एएसआई सतीश सीआईए वन की अध्यक्षता में पूछताछ में पाया गया कि तीनों आरोपी नशा करने के अत्यधिक आदी है। आरोपियों ने नशापूर्ति के लिए ही इस चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

- **आरोपियों से लोहा पाइप, नकदी और वारदात में इस्तेमाल ई रिक्शा बरामद**



करनाल। पुलिस टीम की गिरफ्त में आरोपी।

## खबर संक्षेप

### राजबीर मिताथल बने बागड़ थड़े के प्रधान

**भिवानी।** गोगामेड़ी बागड़ थड़े के तहत लखेरा समाज की बैठक सिवानी की अग्रवाल धर्मशाला में हुई। मीटिंग का उद्देश्य पूर्व प्रधान स्वर्गीय डॉ. धर्मबीर मिताथल प्रधान बागड थड़ा के देहांत उपरांत नए प्रधान कमेटी गठन के लिए संपन्न हुई। मीटिंग की अध्यक्षता रामकुमार ने की। इस दौरान लखेरा समाज के गणमान्य लोगों ने बढ़-चढ़कर भगा लिया व अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि दहेज प्रथा, नशा मुक्ति, युवाओं में बुजुर्गो के प्रति आदर-सम्मान की भावना जागृत करने आदि पर चर्चा की व सर्वसम्मति से फैसले लिए।

### उपमुख्यमंत्री के सामने लोगों ने रखीं समस्याएं

**तोशाम।** मंगलवार को उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला क्षेत्र के देवराला में जजपा की जिला महिला विंग की अध्यक्ष व पूर्व जिला पार्षद सिलोचना पोटलिया के निवास पर पहुंचे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री के सामने ग्रामीणों ने अपनी समस्या रखी और चौटाला ने उनको आश्वासन देते हुए जल्द पूरा करने को कहा। इस दौरान चौटाला ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जननायक जनता पार्टी पूर्व उप प्रधानमंत्री देवीलाल की नीतियों व विचारधारा की पार्टी है और हर वर्ग को अपने साथ लेकर चलने के लिए संकल्पबद्ध है। इस मौके पर हल्का प्रधान शकुंतला, सुलोचना पोटलिया, धर्म सिंह नंबरदार, राजेश भारद्वाज, राजकुमार पोटलिया, कृष्ण वर्मा सुंगरपूर,प्रदीप बंसल आदि मौजूद रहे।

### किसान पोर्टल पर करवाएं फसलों का पंजीकरण

**चरखी दादरी।** जिला के सभी किसान रबी की फसलों का पंजीकरण मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर करवाएं ताकि कृषि उत्पादों को मंडियों में बेचने तथा कृषि योजनाओं का लाभ सही ढंग से उठाया जा सके। किसान अपना पंजीकरण पोर्टल पर करवाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से किसानहित में मेरी फसल-मेरा ब्यौरा मोबाइल एप्लीकेशन भी लांच की गई है।

### मां चंडके देवी मंदिर मेले के लिए जाएगी फ्री बस

**हिसार।** सप्तमी के पावन अवसर पर 19 दिसंबर को प्राचीन मां चंडके देवी मंदिर में लगने वाले मेले, माता के दर्शनों व पूजन के लिए हिसार से निःशुल्क बस जाएगी। श्री श्याम मंदिर सेवा समिति के संयोजक जगदीश तायल व महंत गोकुलदास ने बताया कि समिति के तत्वावधान में यह बस श्रद्धालुओं को लेकर आजाद नगर व रेड स्क्वेयर मार्केट से होते हुए पाबड़ा स्थित प्राचीन मां चंडके देवी मंदिर में पहुंचेगी।

### 48 बोतल व 30 लीटर लाहन सहित चार काबू

**नारनौंद।** बास पुलिस ने 48 बोतल अवैध देसी शराब माल्टा मस्ती व 30 लीटर लाहन के साथ चार आरोपितों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपितों की पहचान अमीत निवासी चौरटापुर जिला भिवानी, कपिल निवासी हांसी, उगालन निवासी बिरमती, बनी के रुप में हुई है।

### हेरोइन सप्लायर पुलिस के हत्थे चढ़ा

**हिसार।** थाना आजाद नगर पुलिस ने विश्वास अस्पताल, आजाद नगर के पास से हेरोइन बरामदगी मामले में सप्लायर ढाणी पीरावाली निवासी बलबीर उर्फ खज्जू को गिरफ्तार किया गया है। उप निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस ने 3 दिसंबर को सूचना के आधार पर विश्वास स्कूल के पास से चंद्रलोक कॉलोनी निवासी वीरेंद्र को 5.44 ग्राम हेरोइन सहित काबू कर गिरफ्तार किया गया था।

### हत्या मामले में आठवां आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस ने सूर्य नगर के सूरज की हत्या मामले में आठवें आरोपित सूर्य नगर निवासी सुमित उर्फ बुगल को गिरफ्तार किया गया है। सूर्य नगर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक करमजीत ने बताया कि आरोपित सुमित उर्फ बुगल 9 अक्टूबर को सूर्य नगर फाटक के पास हुए लड़ाई-झगड़े की वारदात में शामिल था।

### डिप्टी सीएम ने किया लोहारू हलके कई गांवों का दौरा

# सिवानी से सिंघानी व लोहानी ओबरा बहल सड़क पर खर्च होंगे 57 करोड़

**उप मुख्यमंत्री बोले, प्रदेश में अगले वर्ष सड़कों के नव निर्माण पर 3700 करोड़ किए जाएंगे खर्च**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू/बहल



**लोहारू।** लोहारू में एकत्रित लोगों को संबोधित करते डिप्टी सीएम। फोटो : हरिभूमि

उप मुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला ने कहा कि सिवानी से सिंघानी और लोहानी.ओबरा. बहल सड़क मार्ग पर 57 करोड़ रुपये खर्च होंगे, जो मंजूर किए जा चुके हैं। प्रदेश में अगले वर्ष सड़कों के नव निर्माण पर 3700 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गांवों का विकास शहरों की तर्ज पर किया जा रहा है। किसानों को उनकी फसल का पूरा भाव मिल रहा है। प्रदेश सरकार 14 फसलों को एमएसपी पर खरीद रही है। सरकार ने किसान की सभी चिंताओं को दूर करने का जिम्मा लिया है। किसानों को किसी भी तरह की चिंता करने की जरूरत नहीं है।

उप मुख्यमंत्री मंगलवार को गांव कालोद, सुरपुरा खुर्द, बैराण और सिंघानी में भी ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी। डिप्टी सीएम ने कहा कि सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं लागू कर रही है। सरकार ने महिलाओं को पंचायतों में 50 प्रतिशत में भागीदारी देने का काम किया है। परिणाम स्वरूप हर दूसरी कुर्सी पर महिलाएं विराजमान हैं। आज हर तीसरा राशन डीपू महिला को मिल रहा है। सरकार नीति बनाकर राशन डिपू दे रही है। उन्होंने कहा महिलाओं की उचित भागीदारी होने से महिलाएं स्वावलंबी बनी हैं। उन्होंने कहा कि आज किसानों को फसल का पूरा भाव मिल रहा है और फसलों के दाम 48 घंटे के अंदर किसानों के खाते में भेजे जा रहे हैं। मंडी में जाते ही किसान की फसल खरीद हो जाती है जबकि पहले किसानों को कई रात अपनी ट्राली में सो कर ही बितानी पड़ती थी। सरकार ने भावांतर भरपाई योजना और फसल बीमा योजना से किसानों की चिंता दूर कर उनको जोखिम से मुक्त किया है। सिंघानी में जेजेपी नेता सुरेंद्र राठी के आवास पर पत्रकारों से बातचीत में डिप्टी सीएम ने कहा कि किसानों का बकाया बीमा व मुआवजा राशि शीघ्र मिलेगी, किसान की चिंता सरकार को है।

उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों से किसान खुशहाल हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार गंवों का विकास शहरों की तर्ज पर कर रही है। ग्रामीणों ने उप मुख्यमंत्री के समक्ष सडक़ए गली निर्माणए फिरनीए सामुदायिक भवन बनाने, ई. लाइब्रेरी, ओपन जिमए व्यायामशाला व गौशाला में उचित प्रबंध व बकाया बीमा व मुआवजा राशि दिलाने की मांग कीए जिस पर उन्होंने जल्द पूरा करवाने का आश्वासान दिया।

#### ये रहे मौजूद

जिला प्रधान जोगेंद्र बागनवाला, महिला जिलाध्यक्ष अलका आर्य, सुरेंद्र राठी, सुरेंद्र किलका, जयवीर शेरपुरा, कृष्ण गोदारा, राजकुमार ओबरा, सुरेश शर्मा, राजपाल महला, दिनेश सिहाग ,जोगेंद्र मतानी, राजेश आर्य, देवेंद्र नकीपुर, प्रो करण सिंह श्योराण, अजीत बिधनोइ, विजय सहित अनेक पार्टी पदाधिकारीए कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# गलियों में भरा सीवरेज का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा



**बवानीखेड़ा।** गली में बहता सीवरेज का पानी।

बवानी खेड़ा में इन दिनों सिवरेज की समस्या इस प्रकार चरमराई हुई है कि जिस गली से गुजरों वहीं सिवरेज के ढक्कन पानी में उड़ते हुए व पानी के बुलबुले उठते हुए दिखाई देते हैं। गलियों में पानी जमा दिखाई देता है जिससे निकलना मुश्किल हो गया है तो वहीं दूसरी और इस गंदगी से बीमारी फैलने का भय बना हुआ है। कस्बावासियों में हनुमान पारासरए सोमबीरए नरेश कुमारए धर्मबीर तिगाला आदि ने बताया कि यदि समयस रहते कस्बा में सिवरेज की सुध नहीं ली तो आने वाली पीढ़ी हमें कभी माफ नहीं कर पाएगी। यूं लगता है कि सरकारी कागजों में कस्बा की सिवरेज प्रणाली साफ है लेकिन इस गंदगी का कितना बड़ा खामियाजा लोगों को उठाना पड़ रहा हैए मौके पर देखकर अपने आप पता लगाया जा सकता है। लेकिन प्रशासन का इस और कोई ध्यान नहीं हैं। कस्बा की बहुचर्चित मार्किट पुराना कमेटी रोड अपनी बदहाली के आंसू बहाने को मजबूर दिखाई देता है। मुख्य मार्किट होने के कारण इस रोड़ पर भारी भीड़ रहती है लेकिन गंदगी के कारण लोग इस और जाना भी पसंद नहीं करते और दुकानदार भी हाथ पर हाथ रखकर बैठे हुए नजर आते हैं। यही हाल अनेक वार्डो का है जहां पर लोगों का जीना दुभर हो चुका है। अगर यही यूं ही रहा तो दुकानदारों सहित रिहायशी बस्ती के लोगों को अपने व्यापार सहित स्वास्थ्य का भी नुकसान हो सकता है। लोगों ने बताया कि यदि प्रशासन ने जल्द ही इसकी सुध नहीं ली तो वे कड़ा रूख अपनाने को मजबूर होंगें।

## योजनाओं को हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने का साधन बनी विकसित भारत संकल्प यात्रा



**चरखी दादरी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में लोगों का खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। लोग जहां एक तरफ विभिन्न विभागों द्वारा लगाए जा रहे स्टालों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी ले रहे हैं वहीं दूसरी ओर परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, हेल्थ चैकअप और उज्ज्वला योजना से संबंधित स्कीमों का मौके पर ही लाभ उठा रहे हैं। मंगलवार को विकसित भारत यात्रा जिले के विभिन्न छह गांवों में पहुंची। इस दौरान कार्यक्रम में लोगों को उज्जवला योजना के बारे में बताया गया और पात्र महिलाओं के योजना के तहत कनेक्शन के लिए आवेदन लिए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य जांच शिविर में लोगों का बीपी और शूगर आदि चैक किया गया। स्वास्थ्य की जांच करवाने आए ग्रामीणों ने बताया कि उनको चैक अप करवाने के लिए कहीं दूर नहीं जाना पड़ा और कोई फीस नही लगी। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों को बच्चों के टीकाकरण की जानकारी भी दी।

### स्मार्ट एजुकेशन विषय पर व्याख्यान दिया

**भिवानी।** वैश्य सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आचार्य पवन ने विद्यार्थियों को समार्ट एजुकेशन विषय पर व्याख्यान देते हुए बताया कि विद्यार्थियों को अपने कार्य के प्रति ईमानदारी रखना, ध्यान केन्द्रित करनाए घ्यान से सुनने की कला, अध्यापक के प्रति आदर.भाव रखना तथा अपने मस्तिष्क को प्रत्येक कार्य में निपुण करने के अभ्यास के बारे में बताया। इस अवसर पर विद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश गर्ग ने आचार्य पवन के बारे बताते हुए कहा कि इन्होंने देश के बहुत से विद्यालयों में विद्यार्थियों को समार्ट एजुकेशन के बारे में व्याख्यान दिए हैं। प्राचार्या सीमा गुप्ता ने उनका विद्यालय में पधारने तथा विद्यार्थियों को समार्ट एजुकेशन के बारे में बताने के लिए धन्यवाद किया।

## एनसीसी एयर विंग कैंप में एससीआर स्कूल रहा ओवरऑल विजेता



**चरखी दादरी।** सिवानी में आयोजित एयरविंग कैंप में गांव चरखी स्थित एससीआर स्कूल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन रहा। शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की बदौलत स्कूल ओवरऑल चैंपियन रहा। मंगलवार को विद्यालय पहुंचने पर प्रतिभागियों को कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया। प्राचार्य सुनील कुमार ने बताया कि सिवानी के श्रीकृष्ण प्रणामी पब्लिक स्कूल में एनसीसी एयर विंग कैंप का आयोजन किया, जिसमें अलग-अलग स्थानों से 11 स्कूलों के कैडेट्स ने शिरकत की। एससीआर स्कूल के 25 कैडेट्स ने सीटीओ प्रक्षित नागवान की देखरेख में भाग लिया। कैंप के दौरान दौड़, रिले दौड़, थ्रो बॉल, वॉलीबाल आदि स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन किया और ओवरऑल चैंपियन ट्रॉफी अपने नाम की। विद्यालय पहुंचने पर कैडेट्स दिव्यांशी, साक्षी, क्रीति, दीपिका, हिमांशी, भावना, भूमिका, गौरव, नवदीप,चिराग, शिवम जतिन, साहिल आदि को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था निदेशक मास्टर विरेंद्र टीनू ने कैडेटस को सम्मानित किया और उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि कैंप में भागीदारी से नेतृत्व, अनुशासन, प्रतिस्पर्धा, भाईचारे आदि की भावना विकसित होती है जो विद्यार्थी जीवन व भविष्य के लिए बेहद जरुरी होती है।

# आशा वर्कर्स करेंगी हड़ताल

- राज्य उपप्रधान कमलेश भैरवी के नेतृत्व में मिलकर अधिकारियों को दिया हड़ताल का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



**भिवी।** सीएमओ को हड़ताल का नोटिस देते आशा वर्कर।

आशा वर्कर यूनियन 14 दिसंबर को अपनी मांगों व समस्याओं को लेकर हड़ताल करेंगी। हड़ताल को लेकर मंगलवार को सीएमओ कार्यालय में राज्य उपप्रधान कमलेश भैरवी के नेतृत्व में मिलकर अधिकारियों को नोटिस दिया गया। नोटिस में बताया कि प्रदेश की तमाम आशा वर्कर्स को पिछले छह महीने से मानदेय नहीं मिला है, जिससे तमाम आशा वर्करों को परेशानियों का सामना कर रही है। आशा वर्कर्स लगातार विभाग से आशा वर्कर्स को मानदेय दिए जाने की अपील कर रही है। विभाग द्वारा आशा पेय एप में कुछ टेक्निकल समस्याएं आने का हवाला दिया जा रहा है। यह समस्या आंदोलन के चलते निपट जानी चाहिए थी, जो आज तक बरकरार हैं। आंदोलन के दौरान विभागीय समस्याओं को निपटने के लिए विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ आशा वर्कर्स यूनियन की दो मीटिंग एमडी एनएचएम के साथ तय हुई थी, जो अभी तक जारी नहीं की गई है। अभी तक मुख्यमंत्री के साथ हुए समझौते का नोटिफिकेशन भी जारी नहीं किया है। यूनियन रजिस्ट्रेशन नंबर 1919 के साथ हुए समझौते के नोटिफिकेशन को जारी करवाने के लिए 14 दिसंबर को हड़ताल करेंगी।

## बीआरसीएम स्कूल के छात्रों ने धार्मिक स्थलों का किया भ्रमण



**बहल।** बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल के 48 विद्यार्थियों ने वृंदावन, मथुरा व आगरा सहित अनेक धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों के दल ने अध्यापक जोगेंद्र सिंह, अनिल ग्रेवाल, बाला देवी व रेनू गाढ़ा के नेतृत्व में वृंदावन, मथुरा एवं आगरा के विभिन्न धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। इंचार्ज जोगेंद्र सिंह व अनिल ग्रेवाल ने बताया कि प्रथम दिन विद्यार्थियों का दल वृंदावन पहुंचा। विद्यार्थियों ने निधिवन, रंगनाथजी मंदिर, वृंदावन का सुप्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर, इस्कॉन मंदिर, राधा रमन मंदिर व प्रेम मंदिर के दर्शन किए।

## प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने का आह्वान

- गांव सांजरवास के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



**भिवानी।** बच्चों को प्लास्टिक के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करते पीएलवी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मुख्य दंडाधिकारी सौरभ कुमार के मार्गदर्शन व निर्देशानुसार विभिन्न विषयों पर जागरूकता अभियान का संचालन किया गया। सीनियर पीएलवी रोहताश शर्मा ने गांव सांजरवास के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं को जागरुक किया। उन्होंने हुए कहा कि हम अपने पर्यावरण को स्वच्छ और साफ सुंदर बनाएं और जगह-जगह कूड़ा करकट ना डालें तथा इसके साथ-साथ अपने पर्यावरण को शुद्ध बनाएं रखें तथा विद्यार्थी व अभिभावक जो 18 वर्ष की उम्र पूरी कर चुका है, वह अपना वोट बनवाकर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। विद्यालय के अध्यापक डॉ. जसवंत सिंह व कुलदीप सिंह श्योराण आदि ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी प्लास्टिक से बनी वस्तुओं का प्रयोग कम से कम करने के लिए आहवान किया गया। जल बचाओ, भूमि बचाओ आदि को लेकर भी जागरूक किया गया। पीएलवी रोहतास शर्मा ने स्कूल में पहुंच कर बच्चों को प्लास्टिक का प्रयोग न करने की शपथ दिलवाई गई। रोहताश शर्मा ने कहा कि प्लास्टिक ऐसा पदार्थ है जो कि सैकडों सालों तक गलता नहीं है। प्लास्टिक का प्रयोग पूरी से बंद करें।

### हसान में ग्राम जल एवं सीवरेज समिति कमेटी को दिया प्रशिक्षण

**तोशाम।** हसान मे जल जीवन मिशन के तहत ग्राम जल एवं सीवरेज समिति कमेटी को प्रशिक्षण दिया गया। जल जीवन मिशन से मीना कुमारी ने पहुंचकर जल जीवन मिशन के लक्ष्य, जल जीवन मिशन का उद्देश्य, जल जीवन मिशन के अन्तर्गत घटक, ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के गठन के बारे, समिति की जिम्मेदारी आदि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह समिति गांव में अच्छी जलापूर्ति के लिए जनस्वास्थ्य विभाग के बीच एक कड़ी और सम्पर्क के रुप में कार्य करतीं हैं। जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग में कार्यरत संदीप गौड़ ने ग्रामीणों को जल सरक्षण के लिए प्रेरित किया।

## जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण की दी जानकारी

- घरेलू गैस सिलेंडर से लगने वाली आग व उसके बचाव के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



**भिवानी।** प्रशिक्षण के दौरान जूनियर रेडक्रास को जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

जिला उपायुक्त एवं रेडक्रॉस अध्यक्ष नरेश नरवाल के कुशल मार्गदर्शन में 11 से 15 दिसम्बर 2023 तक रेड क्रॉस भवन भिवानी में आयोजित किए जा रहे जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत रेडक्रॉस प्रार्थना के साथ सचिव रेडक्रॉस प्रदीप कुमार की उपस्थिति में की गई। शिविर में जिले के 20 राजकीय विद्यालयों की टीम के 80 जूनियर्स एवं 20 कॉउंसलर भाग ले रहे है। जूनियर्स को सम्बोधित करते हुए सचिव प्रदीप कुमार ने बताया जूनियर्स यहां प्रशिक्षण प्राप्त करने उपरांत समाज में जागरूकता ला सकते है और रेडक्रॉस के स्वयं सेवक बनकर घायल व पीड़ित तथा जरूरतमंद व्यक्ति की हर संभव मदद कर सकते है। शिविर में अग्निशमन विभाग के फायरमैन अजय कुमार व सुनील कुमार ने जूनियर ने घरेलू गैस सिलेंडर से लगने वाली आग व उसके बचाव के बारे में विस्तार से प्रेक्टिकल माध्यम से जानकारी प्रदान की गई। वहीं यातायात पुलिस विभाग के उप निरक्षक रामनिवास ने यातायात नियमों पर प्रकाश डालते हुए सड़क दुर्घटनाएं कैसे कम की जा सकती है उसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। रिसोर्स पर्सन संजय कामरा ने जूनियर्स को मोबाइल की लत से बचने व उसके दुरुपयोग के दुष्प्रभाव की जानकारी विस्तार से दी।

### छात्र नितिन के नाम रहा बेस्ट एथलीट का खिताब

# नए कीर्तिमान स्थापित कर देश में पहचान बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



- सीबीएलयू की दो दिवीसीय एथलेटिक्स मीट में बेहतरीन प्रदर्शन कर कॉलेज लौटने पर पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया

वैश्य महाविद्यालय शिक्षा के साथ साथ खेलों के क्षेत्र में भी नित नए कीर्तिमान स्थापित कर देश में अपनी अलग पहचान बना रहा है। यहां के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा के दम पर विश्वविद्यालय, महाविद्यालय एवं भिवानी क्षेत्र का नाम देश विदेश में रोशन कर रहे हैं यह बात चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी की दो दिवीसीय एथलेटिक्स मीट में बेहतरीन प्रदर्शन कर महाविद्यालय लौटने पर पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कही उन्होंने कहा कि खेल हमारी संस्कृति का प्रतीक है। युवा वर्ग को शिक्षा के साथ साथ खेलों में भी बढ़चढ़कर भाग लेना चाहिए। जिससे उनके व्यक्तित्व का भी विकास हो सके। महाविद्यालय के डीन एकेडमिक अफेयर डॉ.नरेंद्र चाहार व डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. धीरज त्रिखा ने कहा कि यह सब महाविद्यालय प्रबंध की दूरदर्शी एवं पूर्ण सहयोग का सोच का परिणाम है जोकि आज हमारे महाविद्यालय के खिलाड़ी विश्व स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं। महाविद्यालय की इन उपलब्धियों पर हम सबको गर्व है। महाविद्यालय के खेल प्राध्यापक सुरेश अत्री ने बताया की चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी की दो दिवीसीय एथलेटिक्स मीट 11 दिसंबर 2023 से 12 दिसंबर 2023 तक भीम स्टेडियम भिवानी में आयोजित की गई थी। जिसमे महाविद्यालय के छात्र खिलाड़ी नितिन को बेस्ट एथलीट चुना गया। छात्र नितिन ने 100 व 200 मी रिले दौड़ में प्रथम व 4 गुणा 100 मीटर रिले दौड़ में द्वितीय स्थान, छात्र गजेंद्र ने 300 मी व 500 मी स्टीपल चेंज रिले दौड़ में प्रथम स्थान व 4 गुणा 100 मीटर रिले दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया, छात्र कुणाल कौशिक ने शॉट पुट में प्रथम स्थान,छात्र विकास ने जेवलिन थ्रो में द्वितीय स्थान व छात्र रितिक शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । छात्र राहुल ने 4 गुणा 100 मीटर रिले दौड़ में द्वितीय व 4 गुणा 400 मीटर रिले दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंद्रजीत ने 4 गुणा 100 व 4 गुणा 400 मीटर रिले दौड़ में द्वितीय व लवित ने 4 गुणा 100 मीटर रिले दौड़ में द्वितीय व 4 गुणा 400 मीटर में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## उप मुख्यमंत्री दुष्यंत ने बवानी खेड़ा पहुंचकर कार्यकर्ताओं में भरा जोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

- 600 सुविधां गांवों में ऑनलाइन दी जा रही
- सत्ता में हिस्सेदारी से लोगों को मिल रहा लाभ : डिप्टी सीएम

कांग्रेसी नू क्याह करते अब जननायक जनता पार्टी सत्ता के म्ह कोनी आवे पर कार्यकर्ताओं की मेहनत के बलबूत पै म्हारी 10 सीटें आई अर आपणी सत्ता के म्ह भागेदारी होगी इसे कारण थ्हारे काम होंण लाग्रे सै ये बात प्रदेश के उप.मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने सोमवार देर रात जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने बताया कि बाइपास को मंजूर करवा दिया, सड़कों का निर्माण करवाया गया है, हर 32 किलोमीटर हर विधानसभा में नया लुक दिया गया है, किसान आंदोलन में हमारे विरूद्ध विगुल फुका, लेकिन हमारी काम को लेकर तारीफ नहीं की किसानों को पहले की तरह महीनों चक्कर नहीं काटने पड़ते तुरंत रूपए आते हैं।

सरकार ने अनेकों योजनाएं ऑनलाइन की गई है। फर्द, लोन, रजिस्ट्री आदि सभी ऑनलाइन कर दिया गया है जिससे जनता को फायदा हो रहा है। ये तभी हो पाया है क्योंकि राज में हिस्सेदारी है। आज ऑनलाइन पेंशन बिना चक्कर काटे खातों में आती है। उन्होंने ताऊ देवीलाल को याद करते हुए कहा कि वे कहते थे हवा बनाओ ताकि लोगों को पता चल सके।

## खबर संक्षेप


बवानीखेड़ा। खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए सुरेश ओड।

### खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए : ओड

**बवानीखेड़ा।** बडेसरा में शहीद राज सिंह की तृतीय पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में खेल मेले का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा नेता सुरेश और को मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में धर्मेंद्र बल्हारा पहुंचे। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए बताया कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए, इसमें हीन भावना नहीं होनी चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर गांव के गणमान्य रामकिशन फौजी, संदीप स्कूल संचालक, सोमवीर पहलवान आदि मौजूद रहे।

### चौ. बंसीलाल कॉलेज में रक्तदान शिविर आज

**लोहारू।** चौ. बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय में 13 दिसंबर को राष्ट्रीय कैडेट कोर और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें एसडीएम अमित कुमार बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे। प्राचार्य डॉ. सुखवीर सिंह ने बताया कि चौ. बंसीलाल सामान्य अस्पताल भिवानी रक्तबैंक की टीम के सहयोग से आयोजित होने वाले इस शिविर में राष्ट्रीय रक्तदान पुरस्कार से सम्मानित प्यारेलाल सांगवान सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

### विद्यार्थियों को वितरित किए जूते और ब्लेजर

**तोशाम।** देवराला के राजकीय माडल संस्कृति वमावि में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान समारोह में पढ़ाई में अव्वल रहने वाले व आर्थिक स्थिति से कमजोर करीब 70 विद्यार्थियों को जूते ब्लेजर दिए गए। समारोह का आयोजन प्राचार्य विकास महत्ता की अध्यक्षता में हुआ। गांव के प्रबुद्ध व्यक्ति धर्मपाल बलोदा ने बच्चों को कहा कि सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को सुविधाओं की कमी नहीं है। इन्ही विद्यालय में पढ़े अनेक व्यक्ति अधिकारी बने हुए है।

# विद्यार्थी नशे की तरफ हो रहे आकर्षित, परिवार व खुद का अंधकारमय बना रहे वर्तमान एवं भविष्य

- हरियाणा, राजस्थान, यूपी, दिल्ली व पंजाब सहित 11 राज्यों के युवा अभियान जुड़े : सम्राट
- नशे की लत से 18 से 35 वर्ष के युवाओं का बिगड़ रहा स्वास्थ्य : भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी







**भिवानी।** नशा जहर हैं श्लोगन दिखाते विश्व के महान जादूगर सम्राट शंकर तथा विद्यार्थियों को नशे के प्रति जागरूक करते राष्ट्रपति अवार्डी अशोक कुमार भारद्वाज। फोटो : हरिभूमि

'आ बैल मुझे मार' वाली कहावत आपने जरुर सुनी होगी और ये नशे की ओर आकर्षित हो रही आज की युवा पीढ़ी पर बिल्कुल स्टीक बैठती हैं, जो अंशमात्र की चकाचौंध के चक्कर में अपना और अपने परिवार का वर्तमान एवं भविष्य खराब कर रहे हैं। 18 से 35 वर्ष की उम्र युवाओं को लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने एवं भविष्य बनाने की होती हैं, लेकिन युवा पीढ़ी इस गोल्डन टाइम को नशे की बीड़ी के धुएं की तरह उड़ाकर तहस-नहस कर रही हैं। इस समस्या से युवाओं को बचाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री मनोहरलाल के आह्वान पर विश्व के महान जादूगर सम्राट शंकर और नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति के अध्यक्ष एवं राष्ट्रपति अवार्डी अशोक भारद्वाज ने नशे के प्रति जागरूकता अभियान शुरु किया था। समिति के अध्यक्ष एवं राष्ट्रपति अवार्डी अशोक भारद्वाज युवाओं को नशे से दूर रखने एवं उन्हें जागरुक करने के लिए विश्व के महान जादूगर सम्राट शंकर की आवाज के साथ हनुमान ढ़ाणी के विवेकानंद हाई स्कूल से 12 नवंबर से नशा मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की थी, जिसके तहत प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री मनोहरलाल और विश्व के महान जादूगर सम्राट शंकर की सन्देश भरी आवाज एवं वीडियो युवा और विद्यार्थियों तक पहुंचाई जा रही है, साथ में भगवान श्रीकृष्ण का गीता संदेश अष्टादश श्लोक की ऑडियो और वीडियो भी प्रसारित की जा रही है, ताकि अर्जुन की तरह युवा बौद्धिक ज्ञान प्राप्त कर सही दिशा में कदम रख सके और नशे की बुराई से दूर रहकर अपना व अपने परिवार का वर्तमान एवं भविष्य अंधकारमय एवं धूमिल होने से बचा सके।

### जन जन तक पहुंच रहा जागरुकता अभियान

जादूगर सम्राट शंकर ने बताया कि ये अभियान अब मीडिया, सोशल मीडिया और विद्यार्थियों की बदौलत जन-जन तक पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि भिवानी खेल नगरी से शुरू हुई ये मुहिम अब अभियान के रुप में वर्तमान में हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हैदराबाद, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र और दिल्ली के युवाओं, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के सहयोग से लोगों में नशे को छोड़ने के प्रति जागरुकता लाने का काम कर रहा हैं।

### हर साल बढ़ रहे नशे से होने वाली मौत के मामले

भारद्वाज ने सर्वे के अनुसार बताया कि हरियाणा में नशे की समस्या बढ़ती जा रही है, इसके साथ ही हर साल नशे से होने वाली मौत के मामले भी बढ़ते जा रहे हैं। इस साल अब तक 84 युवा नशे की ओवरडोज से दम तोड़ चुके हैं। नशे की ओवरडोज से मरने वालों की उम्र 18 से 35 साल के बीच है, इन आंकड़ों ने प्रदेश सरकार को भी सोचने पर मजबूर कर दिया।

### युवा देश का भविष्य, इसे नशे से बचाना जरुरी

जादूगर सम्राट शंकर ने बताया कि नशा पंजाब, हिमाचल, दिल्ली, उड़ीसा समेत अन्य राज्यों से सप्लाई हो रहा है। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं,युवाओं को नशे की लत से बचाना बहुत जरूरी है, युवावर्ग खेल एवं शिक्षा से जुड़े और नशे की लत से दूर रहे। नशे के कारण आज परिवार बर्बाद हो रही है और नशे जैसी बुराई समाज पर कलंक है। हमारा ये अभियान 11 राज्यों के युवाओं ने अपनाया हैं।

## हलवासिया विद्या विहार में खेल महोत्सव का आयोजन

# 100 मीटर दौड़ में नचिकेता वंश और वामिका रहे अव्वल

### चारों सदनों के छात्रों ने शानदार मार्चपास्ट से अतिथियों को सलामी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हलवासिया विद्या विहार में नोडल अधिकारी हरिश्चंद्र के नेतृत्व में अतर सदन खेल महोत्सव उत्कर्ष 2023 का आयोजन किया। महोत्सव की अध्यक्षता समाजसेवी जवाहर मिताथलिया, मुख्यतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता मनोहरलाल सरदाना तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय की पुरातन छात्रा डमेर्टोलॉजिस्ट डॉ. साक्षी सिंगला महता ने शिरकत कर भव्य खेल समारोह का आगाज किया। विद्यालय के राष्ट्रीय पदक विजेता अतुल, सौरव, आदित्य , अभिमन्यु, अनुज देव व लक्की परमार ने अतिथियों को मशाल देकर भाईचारे का संदेश दिया। इसी क्रम में स्काउट्स के कैडेट्स व चारों सदनों के छात्रों ने शानदार मार्चपास्ट से अतिथियों को सलामी दी। सभी सदनों से प्रतियोगिता में चारों सदनों से लगभग 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया। विद्यालय प्रशासक दीवानचंद रहेजा, प्राचार्य विमलेश आर्य, उपप्राचार्या सरला शर्मा, माध्यमिक विभाग प्रमुख सुवीरा गर्ग व काउंसलर मोहिनी महता ने अतिथियों को स्मृति चिह्न, पुष्पगुच्छ व शॉल ओढ़ाकर स्वागत सत्कार किया। अतिथि जवाहर मिताथलिया, प्रशासक दीवानचंद रहेजा व प्राचार्य विमलेश आर्य ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।



**भिवानी।** खेल महोत्सव की दौड़ स्पर्धा में भाग लेते विद्यार्थी तथा नेटबॉल स्पर्धा में पदक विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि



### 200 मीटर दौड़ में अर्जुन सदन से रित्विक प्रथम

100 मीटर दौड़ स्पर्धा में लड़कों में नचिकेता सदन से वंश प्रथम, नचिकेता सदन से विशाल द्वितीय, अभिमन्यु सदन से गगन ने तृतीय, 100 मीटर दौड़ लड़कियों में नचिकेता सदन से वामिका ने प्रथम, अभिमन्यु सदन से मन्नत ने द्वितीय, नचिकेता सदन से दीक्षा ने तृतीय, 200 मीटर में रित्विक अर्जुन सदन से प्रथम, एकलव्य सदन से यश द्वितीय, नचिकेता सदन से वंश तृतीय, 200 मीटर दौड़ में एकलव्य सदन से वर्षा प्रथम, अर्जुन सदन से इच्छा द्वितीय, अभिमन्यु सदन से जेसिका ने तृतीय स्थान जीता। थ्री लैग रेस लड़कों में अर्जुन सदन से साहिल, पंकज ने प्रथम, एकलव्य सदन से पुलकित, दीक्षांत ने द्वितीय, अभिमन्यु सदन से दीपांशु, अनिकेत ने तृतीय, लड़कियों में नचिकेता सदन से वामिका,खनक ने प्रथम, अर्जुन सदन से इच्छा,गुंजन ने द्वितीय, एकलव्य सदन से प्रिंसी,कनन ने तृतीय स्थान जीता। सेक रेस लड़कों में एकलव्य सदन से निखिल ने प्रथम, एकलव्य सदन से नैनथोक ने द्वितीय वअर्जुन सदन से राष्ट्ररत्न ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### 400 मीटर लड़कों की रिले रेस में नचिकेता सदन प्रथम

400 मीटर लड़कों की रिले रेस में नचिकेता सदन ने प्रथम, एकलव्य सदन ने द्वितीय, अभिमन्यु सदन ने तृतीय स्थान जीता। लड़कियों की रिले रेस में अर्जुन सदन ने प्रथम, अभिमन्यु सदन ने द्वितीय तथा एकलव्य सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ज्यादा अंकों के आधार पर सर्वश्रेष्ठ सदन की ट्रॉफी नचिकेता सदन के नाम रही। सभी सदन में नचिकेता सदन से बेस्ट एथलीट छात्र वंश तथा नचिकेता सदन से ही बेस्ट एथलीट छात्रा वामिका रही।

## लड़कों की टीम ने झज्जर और लड़कियों ने रोहतक को हराया

- राज्यस्तरीय फास्ट फाइव नेटबॉल में छाए खिलाड़ी

**भिवानी।** सोनीपत के गांव सिसाना में 8 से 10 दिसंबर तक हुई राज्यस्तरीय दूसरी फास्ट फाइव की नेटबाल प्रतियोगिता में कलिंगा स्कूल के लड़के व लड़कियों की सब जूनियर टीम ने शानदार प्रदर्शन किया तथा स्कूल व खेल नगरी का नाम रोशन किया। विजेता टीम का मंगलवार को स्कूल में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया। विद्यालय संचालिका रेणुका व प्राचार्या राजेश्वरी ने बताया कि प्रतियोगिता में स्कूल के लड़कों की टीम ने झज्जर को हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं लड़कियों की टीम ने रोहतक को हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि उनकी स्कूल के नेटबॉल खिलाड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपना हुनर दिखा चुके है। उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक युवा को शिक्षा के साथ-साथ खेल में भी अपनी भागीदारी दिखानी चाहिए तथा पूरी मेहनत व दमखम के साथ अपनी खेल खेलना चाहिए, ताकि एक बेहतर परिणाम हासिल कर अपने व राष्ट्र की तरक्की में योगदान दे सकें।


**भिवानी।** कायाकल्प योग केंद्र की कोच रेनू व कविता अहलावत के साथ पदक विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### प्रीति और जया योग में दिखाएंगी दमखम

- 19 से 21 तक कोलकाता में आयोजित होगी चैंपियनशिप

**भिवानी।** भिवानी की योगा गर्ल्स प्रीति व जया वर्मा का नेशनल स्कूली चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है, दोनों खिलाड़ी फिलहाल 11 से 15 दिसंबर तक सिरसा में चल रहे नेशनल कैंप में योगा अभ्यास कर रही हैं, वहीं 19 से 21 दिसंबर तक पश्चिमी बंगाल के कोलकाता में होने वाली राष्ट्रीय स्कूली खेल चैंपियनशिप में हिस्सा लेकर प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। रेस्ट हाउस रोड स्थित कायाकल्प योगा केंद्र में योगा गर्ल्स प्रीति व जया वर्मा को शुभकामनाओं के साथ कैंप के लिए रवाना किया। केंद्र की कोच रेनू वर्मा व कविता अहलावत ने बताया कि अंडर 19 आयुवर्ग में केंद्र की प्रीति व जया वर्मा का चयन राष्ट्रीय स्कूली खेल की टीम में हुआ है। जिले से उनके केंद्र की दो खिलाड़ी प्रदेश की टीम में प्रतिनिधित्व करेंगी। उन्होंने नेशनल स्कूली योग में दोनों खिलाड़ियों से पदक की उम्मीद है।



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के श्री लाल बहादुर शास्त्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सम्मान समारोह में सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### प्रश्नोत्तरी के विजेता विद्यार्थी सम्मानित

- निखिल और भावना ने पदक जीतकर बढ़ाया गौरव

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के श्री लाल बहादुर शास्त्री वमावि में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे नवम्बर हुईं नेशनल ओलंपियाड प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यालय के विधार्थियों ने अहम स्थान प्राप्त किया। जिसमे निखिल और भावना ने अहम स्थान प्राप्त करके विधालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। विद्यालय में इन सभी बच्चो को सम्मानित किया गया। स्कूल प्राचार्य संजय बामल द्वारा बच्चों को इस प्रकार की गणित और विज्ञान को लेकर होने वाली प्रश्नोतरी प्रतियोगिताओ के महत्व के बारे में बताया और इनमे बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए सभी बच्चों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर संस्था प्रभारी मुकेश भारद्वाज व संजय भारद्वाज मौजूद रहे और उन्होंने बताया की ऐसे ओलंपियाड छात्रों को जिलेए रा'य और राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में उनके प्रदर्शन के आधार पर उनकी ताकत और कमजोरियों का विश्लेषण करने में मदद करते है ये परीक्षाएं छात्रों के ज्ञान का पूर्ण मूल्यांकन तो प्रदान करती ही हैं।

### स्कॉलरशिप के लिए आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव एवं सचिव ज्योति मित्तल ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा संचालित प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा प्रोत्साहन योजना सैन्ट्रल सैक्टर स्कीम ऑफ स्कोलरशीप फॉर कॉलेज एण्ड यूनिवर्सिटी स्टुडेंट के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन.पत्र भरने की प्रक्रिया 01 अक्तूबर से आरम्भ हो चुकी है। उन्होंने बताया कि इस स्कीम के लिए फ्रैश छात्रवृत्ति के पात्र छात्र व छात्राओं की मैरिट कट ऑफ बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा रिन्यूवल के पात्र छात्र व छात्राएं शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार,नई दिल्ली के दिशा.निर्देशानुसार आवेदन कर सकते हैं। छात्रवृत्ति के लिए पात्र छात्र व छात्राओं को सूचित किया जाता है कि वे प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ रिन्यूवल के लिए पर 31 दिसम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सभी महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों, संस्थानों को भी निर्देश दिए जाते हैं कि वे अपने स्तर पर छात्र व छात्राओं को आवेदन करने के लिए सूचित करते हुए ऐसे आवेदनों का शीघ्र.अतिशीघ्र ऑनलाइन सत्यापन करें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 01664-252933, 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से


| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### मनमीत ने नेशनल लेवल पर जीता स्वर्ण पदक

**भिवानी।** केएम पब्लिक स्कूल के कक्षा आठवीं के छात्र मनमीत ने राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीता। बहादुरगढ़ में 10 दिसंबर को हुई लड़कों की सेकंड ओपन इंटर एकेडमी बॉक्सिंग टूर्नामेंट में विद्यालय के मनमीत ने स्वर्ण पदक जीता और बेस्ट बॉक्सर की ट्रॉफी हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया।

मनमीत के विद्यालय पहुंचने पर प्राचार्या रेनू सैनी, उप.प्राचार्या नीलम गौतम, प्रबंधन समिति के सदस्य अमिता शर्मा,सुनील शर्मा व गतिविधि प्रभारी सारिका ने उसे उसकी उपलब्धि पर बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मनीष सिंघानिया, सचिव राजेश मोडा, प्रबंधक आनंद बसिया तथा कानूनी सलाहकार जितेंद्र गोयल ने बच्चे की इस उपलब्धि पर उसे बधाई दी व अपना आशीर्वाद दिया।


**बाढड़ा।** पंचायत चुनाव की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### हंसावास खुर्द व बाढ़ड़ा के ग्रामीणों ने पंचायत चुनाव के लिए सीएम के नाम बाढ़ड़ा एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

- नगर पालिका को हटाकर पुन: ग्राम पंचायत की बहाली की

**बाढ़ड़ा।** हंसावास खुर्द व बाढ़ड़ा के ग्रामीणों ने मंगलवार को दोनों गांवो में पंचायत के चुनाव करवाने के लिए प्रदेश के सीएम के नाम बाढ़ड़ा एसडीएम सुरेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से दोनों गांवों में जल्द चुनाव करवाने की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने अवगत करवाया कि दोनों गांवों को मिलाकर पहले नगर पालिका का गठन किया गया था। लेकिन जनमत के बाद नगर पालिका को हटाकर पुनः ग्राम पंचायत की बहाली की गई है। पंचायत के चुनाव हुए भी एक साल का समय बीत चुका है लेकिन इन दोनों गांवों में पंचायत के चुनाव अब तक नहीं हो पाए हैं जिसके कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बाढ़ड़ा एसडीएम को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर जल्द दोनों गांवों में चुनाव करने की मांग की है ताकि विकास कार्य सुचारू रुप से हो सके।

## समाज को खुशहाल बनाने में वरदान साबित होगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

- गांव जूई कलां व खुर्द में पहुंचने पर ग्रामीणों ने किया स्वागत

विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा मंगलवार को गांव जूई कलां व खुर्द में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शशि रंजन परमार ने मुख्य रूप से भाग लिया। इस मौके पर पूर्व विधायक ने विकसित भारत की शपथ दिलवाई। पूर्व विधायक ने इस दौरान विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल का अवलोकन भी किया। पूर्व विधायक शशि रंजन परमार ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार लगातार अंतिम व्यक्ति के उदय का प्रयास कर रही है। भारत को विकसित बनाने के लिए हर उस कार्य को अंजाम दिया जाएगा, जिससे आम जन को लाभ मिले। उन्होंने कहा कि भारत देश के प्रधानमंत्री का जो सपना है वह हम सब ने मिलकर साकार करना है। भारत देश को विकसित बनाना है। पूर्व विधायक ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाकर ही विकसित भारत की नींव को मजबूत किया जा सकता है। इसलिए समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने में विकसित भारत संकल्प यात्रा लोगों के लिए वरदान साबित होगी।


**तोशाम।** संकल्प यात्रा के दौरान शपथ दिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर राजेंद्र गांधी, भाजपा किसान प्रकोष्ठ के जिला प्रधान कुलदीप पायल, सत्यनारायण फौजी, राजू पंडित, सुभाष जांगड़ा,सीडी भारद्वाज,सुरेंद्र सिंह, संजय, सोनू रोहिल्ला आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## किरोड़ीमल पार्क में 22 व 23 को होगा कार्यक्रम का आयोजन

# धूमधाम से मनाया जाएगा जिला स्तर पर गीता जयंती महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

गीता जयंती समारोह किरोड़ीमल पार्क में 22 व 23 दिसंबर को धूमधाम मनाया जाएगा। समारोह में विभिन्न विभागों व सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा स्टाल लगाई जाएंगी। समारोह के दौरान कलाकारों व स्कूली बच्चों द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके साथ ही नगर शोभा यात्रा, दीपोत्सव का भी आयोजन होगा।

ये जानकारी एसडीएम दीपक बाबू लाल करवा ने मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में गीता जयंती महोत्सव समारोह की तैयारियों में संबंधित विभागों के अधिकारियों को दी। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों की स्टॉल लगाने के साथ.साथ विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं की भी गीता जयंती महोत्सव में भागीदारी होगी। जितनी अधिक संख्या में धार्मिक व सामाजिक संस्थाएं शामिल होंगी, गीता महोत्स्व की शोभा उतनी ही अधिक बढ़ेगी। गीता महोत्सव के बारे में नगराधीश हरबीर सिंह ने बताया कि किरोड़ीमल पार्क में समारोह स्थल पर यातायात पुलिस और सचिव प्रादेशिक परिवहन, जिला रेडक्रॉस सोसायटी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला कल्याण विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बिजली वितरण निगम, स्वास्थ्य विभाग,नगर परिषद, अग्रणी बैंक, राष्ट्रीय आजीविका मिशन ग्रामीण, राष्ट्रीय आजीविका मिशन शहरी, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग, आयुष विभाग, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, पोस्ट ऑफिस बैंक स्टॉल लगाकर अपने.अपने विभागें की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। इसके अलावा शहर की विभिन्न प्रमुख सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा भी स्टॉल लगाई जाएंगी।


**भिवानी।** अधिकारियों को दिशा .निर्देश देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### 18 हजार विद्यार्थी जुड़ेंगे

उन्होंने बताया कि 22 व 23 दिसंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। 23 दिसंबर को 12 बजे ग्लोबल शखोकोचारण होगा, जिसमें विभिन्न स्कूलों के 18 हजार बच्चे कुरूक्षेत्र कार्यक्रम से सीधे रूप से जुड़ेंगे। 23 दिसंबर को 2 से 4 बजे तक स्कूली बच्चों व धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं द्वारा गीता के अध्यायों पर आधारित नगर शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसी प्रकार से 23 दिसंबर को सांय पांच बजे धार्मिक स्थानों पर दीपोत्सव का आयोजन होगा। सांय 5:30 बजे समारोह स्थल पर गीता जी की आरती होगी।

### तैयारी पूरी रखें

उन्होंने बैठक में मौजूद शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्कूली बच्चों की गीता महोत्सव के लिए तैयारियां करवाएं। उन्होंने शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अफसरों को निर्देश दिए कि वे कार्यक्रम स्थल पर सफाई व्यवस्था दुरूस्त करें ताकि वहां पर पंडाल सजाया जा सकें। यहां पर शौचालय की वैकल्पिक रूप से व्यवस्था करने के निर्देश दिए। नगराधीश ने कहा कि समारोह स्थल पर एम्बूलेंस और फायर ब्रिगेड की भी व्यवस्था हो।